एक नजर में

यातायात पुलिस की 1750 वाहनों पर कार्यवाही

सिंगरौली। अभियान के दौरान अब तक यातायात नियमों को उल्लंघन करने वाले 1750 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही कर 10 लाख 5 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना अधिरोपित किया गया। 15 दिवसीय अभियान के दौरान 26 अक्टूबर से आज दिन मंगलवार तक 14 दिवस में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले 1000 प्रकरण में 3 लाख, बिना वैध बीमा के वाहन चलाना वाले 15 प्रकरण में 15 हजार, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले 500 प्रकरण में 2 लाख 50 हजार, तेजगति से वाहन चलाने वाले 15 प्रकरण में 15 हजार सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही 170 प्रकरण में 4 लाख 25 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई।

आम रास्ता बहाल कराने की मांग

सिंगरौली। जन सुनवाई में ग्राम धतूरा-बरवा ग्राम पंचायत करकोसा निवासी रिषु दुबे, ओम प्रकाश दुबे, गोरख नाथ दुबे आम रास्ता बहाल करने के लिए आवेदन दिया, आवेदनकर्ताओं ने अवगत कराया कि आम रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया, जिसके कारण हम लोगो के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। आम रास्ता बहाल कराया जायें। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार सिंगरौली को परीक्षण कर तत्काल आम रास्ता बहाल कराने कहा है।

नक्शा तरमीम सुधारने दिया आवेदन

सिंगरौली। जनसुनवाई के दौरान आवेदक रामपाल राजेद्र ग्राम पोड़ी द्वारा नक्शा तरमीम में सुधार कराने के लिए आवेदन दिया। वही हृदय लाल जायसवाल पिता राम बिचारे जायसवाल निवासी ग्राम कर्सुआलाल द्वारा सीमांकन किए जाने के संबंध में एवं बाबूलाल अगरिया ग्राम झलरी सरई द्वारा नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया

लाडली बहना योजना में लाभ दिलाने की मांग

सिंगरौली। मानमती संतलाल निवासी रजमिलान के द्वारा बिजली बिल के नाम पर अवैध वसूली से संबंधित आवेदन दिया गया, वही निर्मला देवी निवासी ग्राम बरगवां के द्वारा लाडली बहना योजना के तहत लाभ दिलाए जाने से संबंधित आवेदन दिया गया, जिससे सुनने के पश्चात कलेक्टर ने अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया।

किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित

सिंगरौली। शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ दिए जाने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमें किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाये जाने के लिए रमाकांत प्रजापति ग्राम कचनी, रीता पिता दशरथ ग्राम रौड़ी द्वारा योजना का लाभ दिलाये जाने के लिए आवेदन दिया।

दुकान से पहले बिल लाओ, फिर बर्तन खरीदेंगे

साझा चूल्हा कार्यक्रम की महिला स्व सहायता समूह रसोइयां ने खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। महिला स्व सहायता समूह साझा चूल्हा कार्यक्रम की महिलाओं ने विभाग एवं सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

आज दिन मंगलवार को साझा चूल्हा कार्यक्रम से जुड़ी महिलाओं ने प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के बैनर तले आज रैली निकाल कर आईसीडीएस एवं प्रदेश सरकार को आड़े हाथो लिया है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि आईसीडीएस के अधिकारी बर्तन खरीदी के लिए पहले बिल मांगते हैं, यह कहां संभव है कि बिना बर्तन खरीदे ही कोई दुकानदार बिल-व्हाउचर दे देगा। साझा चूल्हा कार्यक्रम के स्व सहायता समूहो एवं रसोइयां ने जिला मुख्यालय बैढ़न में रैली निकाल कर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल

विकास विभाग को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में इस बात का जिक्र किया है कि साझा चूल्हा कार्यक्रम संचालन के लिए समूहों को पॉच महीने के बाद भी राशि नही जारी की जा रही है। जिससे अब योजना का संचालन करने में कठिनाइयां आ रही हैं। समूह को मिलने वाले गेहूँ-चावल उचित मूल्य दुकान से उठाव करने के लिए समूह के अध्यक्ष एवं सचिव के अलावा दुकानदार का भी फिंगर पौष मशीन में दर्ज है। दुकानदार का फिंगर है, उसे हटाया जाये। अधिकांश समूहो का खाद्यान्न 5 से 10 किलोग्राम प्रति महीने के मान से जारी किया जाता है। जबकि आंगनवाड़ी केन्द्रो में दर्ज बच्चों के आधार पर जारी किया जाये। साझा चूल्हा संचालन की लागत राशि आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों के आधार पर जारी हो। इतना ही नही साझा चूल्हा कार्यक्रम में संलग्न रसोइयों के पारिश्रमिक भुगतान अधिकांश समूहो को दो-दो वर्षो से नही किया गया है। आगे कहा कि रसोइयों को पारिश्रमिक भुगतान महीने में पॉच सौ मिलता है।

इस महंगाई में कुछ भी नही है, दो हजार रूपये प्रति माह किया जाये। साथ ही जिले के कई सैक्टरो में साझा चूल्हा संचालन ठेकेदारों के द्वारा कराया जा रहा है, यह प्रथा बंद होना चाहिए। संघ के जिलाध्यक्ष सुशीला बृजेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि केन्द्र में बर्तन नही है और जब बर्तन खरीदने की बात कही जाती है तो आईसीडीएस के अधिकारियों का कहना है कि पहले बर्तन का बिल-व्हाउचर लाओ, फिर खरीदी करेंगे। यह कहां तक उचित है। यह भ्रष्टाचार करने का संकेत है।

दो वर्षों से नहीं मिला मानदेय

साझा चूल्हा कार्यक्रम में संलग्न रसोइयां कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के कार्यप्रणाली के ढोल का पोल खोल दिया है। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि अधिकांश रसोइयों को दो वर्षो से पारिश्रमिक भुगतान नही मिला है। वहीं स्व सहायता समूहो को भी साझा चूल्हा कार्यक्रम संचालन के लिए कई महीनों से राशि नही दी जा रही है। दबि जुबान में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने डीपीओ पर निशाना साधा और कहा कि इनके भी कार्यकाल में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं एवं व्यवस्थाएं दम तोड़ रही हैं। करीब पॉच साल से आईसीडीएस की व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त हैं। परियोजना अधिकारी, देवसर, सिंगरौली भी इन समस्याओं का निदान नही कर रहे हैं, बल्कि योजनाओं में पलिता लगाते हुये खेला कर रहे हैं, यह बात किसी से छुपी नही है। देवसर परियोजना की कार्यप्रणाली जग जाहिर है।

अनशनकारी अधिवक्ताओं को कांग्रेस पार्टी का मिला समर्थन

दूसरे दिन भी क्रमिक अनशन जारी, कई कांग्रेसी भी पहुंचे

नवभारत न्यूज

चितरंगी 9 दिसम्बर। व्यवहार न्यायाधीश का कनिष्ठ खण्ड संचालित करने के लिए अधिवक्ता बीते दिन सोमवार से बेमियादी क्रमिक अनशन शुरू किया है। आज दूसरे दिन धरने पर बैठे अधिवक्ताओं को कांग्रेस पार्टी का समर्थन मिला है।

चितरंगी में पिछले वर्ष जुलाई महीने में व्यवहार न्यायाधीश का कनिष्ठ खण्ड संचालित करने के लिए उच्च न्यायालय जबलपुर से स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक व्यवहार न्यायालय का संचालन न होने पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार की उदासीनता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज दूसरे दिन अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सरस्वती सिंह, जिपं सदस्य सोमदेव ब्रम्ह एवं ब्लॉक अध्यक्ष संकठा सिंह चौहान सहित अन्य कांग्रेसी पहुंच अधिवक्ताओं के मांगों का समर्थन किया।

नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए रथ रवाना

13 दिसम्बर को आयोजित होगा नेशनल लोक अदालत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर को इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बैढ़न एवं सिविल न्यायालय देवसर तथा सरई में किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश अतुल कुमार खण्डेलवाल के मार्गदर्शन मे कंचन गुप्ता, द्वितीय जिला एवं अति. सत्र न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय परिसर से नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथों के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रां में जन सामान्य को नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी जावेगी। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरण, पारिवारिक, वैवाहिक, चेक बाउन्स, विद्युत अधिनियम एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में बैंक, नगरीय निकाय, विद्युत विभाग के प्रिलिटिगेशन प्रकरणां का निराकरण किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में बैंक, नगरीय निकाय एवं विद्युत विभाग द्वारा प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण में छूट के प्रावधान किये गये हैं। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लम्बित प्रकरणों के निराकरण हो जाने पर सम्पूर्ण कोर्ट फीस वापसी का प्रावधान किया गया है।

कम्पनियों को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है : गौरव

कलेक्टर के अध्यक्षता में प्रदूषण नियंत्रण एक्सन प्लान की समीक्षा बैठक आयोजित, कंपनियों को सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में जिले में कार्यरत एनसीएल-एनटीपीसी सहित औद्योगिक कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदूषण नियंत्रण एवं राखड़ प्रबंधन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक के प्रांरभ में सीएसआईआर निरी. मुख्य वैज्ञानिक द्वारा जिलें में कार्यरत कम्पनियों के माध्यम से निकलने वाले फ्लाई एश के साथ-साथ कोल परिवहन अन्य से निकालने वाले प्रदूषक तत्वो के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं इनके प्रबंधन के लिए सुझाव दिए गए। उन्होंने बताया कि कम्पनिया पिछले 5 साल से अपने पावर प्लांट से निकलने वाले उत्सर्जन के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करें, ताकि वैज्ञानिक तरीके से प्रदूषण प्रबंधन के लिए उचित रणनीति तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रदूषण नियंत्रण के लिए चिमिनियों एवं राखड़ परिवहन का उचित प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। इसी के साथ सभी कम्पनिया अपने पावर प्लांटो के उत्सर्जन तंत्र का अपग्रेड करें।

कोल वाहनों में जीपीएस एवं स्पीड गर्वनर लगाएं

बैठक में कलेक्टर ने औद्योगिक कम्पनियों को प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि प्रदूषण नियंत्रण का विषय एक महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर सभी कम्पनियों को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि सभी कम्पनियां प्रति घण्टे होने वाले उत्सर्जन की जानकारी संबंधित एजेंसी को दें। साथ ही सड़को की साफ-सफाई एवं जल छिड़काव स्प्रिंकलर मशीन के माध्यम से कराएं। इन वाहनों के नियमिति संचालन एवं मॉनिटरिंग एप के माध्यम से करें। कोल परिवहन वाहनो के साथ-साथ कम्पनी के अन्य ऐसे वाहन जो कोल परिवहन से संबधित हो उनमें जीपीएस एवं स्पीड गर्वनर लगाएं। निर्धारित समय पर ही वाहनों का संचालन हो, कलेक्टर ने कहा कि कोल परिवहन एवं आम जन मानस के आवागमन के लिए पृथक-पृथक सड़को का उपयोग किया जाये। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की करें वसूली : सविता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होनी वाली लोक अदालत के तैयारियों सहित राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली करें।

बैठक में आयुक्त ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी आरपी बैस को निर्देश दिए कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर बकायेदारो को लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही निर्देशित किया कि राजस्व निरीक्षको के माध्यम से सम्पत्ति कर, भू-भटक, जल कर दुकान किराया का अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर प्रकरणों का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करायें। आगे निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें। साथ ही वसूली में तेजी लाने जोर लगाएं एवं वित्तीय वर्ष पर शत प्रतिशत वसूली करें। आगे कहा कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करें, उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई करदाता टैक्स देने में आना कानी करते हैं उनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित करें।

वस्त्रदान शिविर एवं मेडिकल कैंप 17 को

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक मल्हार पार्क में बीते दिन सोमवार को संपन्न की गई। यह बैठक संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजाराम केसरी ने बताया कि इस बार वस्त्र वितरण एवं मेडिकल कैंप का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक उड़ती पंचायत के गौशाला में 17 दिसंबर को लगाया जाएगा, जो की ठंड के समय कंबल रेडीमेड गारमेंट्स साड़ियां, जींस, पैंट- शर्ट एवं अन्य कपड़े का वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेडिकल कैंप लगाया जावेगा।

भारत को अपनी विकास राह खुद तय करनी होगी : गौतम

हर साल तीसरे वर्ष के 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप की जाएंगी प्रदान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शताब्दी समारोह के मौके पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

शताब्दी समारोह के दौरान श्री अदाणी अपने भाषण में संस्थान के छात्रों से कहा कि आज जब वैश्विक गठबंधन टूट रहे हैं और देश अपने हितों को सर्वोपरि मान रहे हैं, ऐसे समय में भारत को अपनी विकास की राह खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता अब दो स्तंभों पर निर्भर करती है। हमारे पैरों के नीचे की संपदा और वह ऊर्जा जो विकास को गति देती है। अपने उद्बोधन में गौतम अदाणी ने चेताया कि नैरेटिव कॉलोनाइजेशन से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिन देशों ने ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन किया है, वे अब भारत को यह बताना चाहते हैं कि उसे कैसे विकसित होना चाहिए, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि लोग खनन को पुरानी अर्थव्यवस्था कह सकते हैं। लेकिन इसके बिना कोई नई अर्थव्यवस्था नहीं है। इस मौके पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने आईआईटी आईएसएम धनबाद में नया अदाणी 3 एस माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की। साथ ही छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा भी की। इसके तहत हर साल तीसरे वर्ष के 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप प्रदान की जाएंगी। इसके बाद इनमें से कम से कम 25 प्रतिशत छात्रों को अदाणी समूह के लिए रोजगार पूर्व प्रस्ताव प्राप्त मिलेंगे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्भीक होकर सपने देखें, लगातार प्रयास करें, इनोवेशन को अपनाएं एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

परियोजना स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 9 दिसम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल में परियोजना स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन का सफल आयोजन किया गया।

यह आयोजन नवाचार, सतत सुधार एवं कर्मचारी-प्रेरित परिवर्तन के प्रति स्टेशन की मजबूत प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसका नेतृत्व संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख ने वरिष्ठ अधिकारियों एजे राजकुमार महाप्रबंधक, सत्येंद्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक, डॉ. बीके भराली महाप्रबंधक एवं देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक की उपस्थिति में किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री साहा ने क्यूसी टीमों के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्वालिटी सर्कल संचालन उत्कृष्टता और कार्यस्थल सुधार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर कुल 14 ऊर्जावान क्यूसी टीमों ने कार्यस्थल चुनौतियों के लिए अपने अभिनव समाधान प्रस्तुत किए, जो विंध्याचल की सहयोगात्मक एवं समस्या समाधान की संस्कृति को दर्शाते हैं।

खनिजों का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 दिसम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनिज अधिकारी रामसुशील चौरसिया के द्वारा आज दिन मंगलवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के जांच के दौरान 1 ट्रैक्टर ट्रॉली एमपी 66 ए 7252 को अवैध गिट्टी परिवहन करते जप्त कर पुलिस चौकी खुटार तथा खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा द्वारा 1 ट्रैक्टर ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन करने पर मोरवा थाना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। वाहनों में खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जावेगी।

स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है : कैलाश

सिंगरौली जिले के दो तहसील में मोबाइल हेल्थ यूनिट कर रहा मरीजों का इलाज, अब तक 59693 लोगों को मिला लाभ

नवभारत न्यूज

सरई 9 दिसम्बर। जिले के दो तहसील बरगवां और सरई में हिंडाल्को एसेल माइनिंग द्वारा कोल माइन क्षेत्र के कुल 5 गांवों जिनमें बंधा, तेंदुहा, पिड़रवाह, पचौर और देवरी समेत निकटवर्ती गांव लामीदह और चितरवई में फिलहाल यह मोबाइल हेल्थ यूनिट घूम-घूम कर लोगों का इलाज कर रही है।

मोबाइल हेल्थ यूनिट का परिचालन आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को एसेल माइनिंग द्वारा स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। अक्टूबर 2021 से शुरू इस मुहिम का लाभ अबतक क्षेत्र के कुल 59693 लोगों को मिल चुका है और यह सिलसिला लगातार जारी है। मोबाइल वैन यूनिट के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, नि: शुल्क दवाइयां, जांच (बीपी, ऊंचाई, वजन, मधुमेह) समुदाय को प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की विभिन्न योजनाओं पर जागरूकता भी प्रदान की जा रही है। एसेल माइनिंग के

एमडी थॉमस चैरियन ने बताया कि हम क्षेत्र कोल परियोजना क्षेत्र में विगत 4 वर्षों से अधिक समय से सीएसआर के तहत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। इस बारे में हिंडाल्को माइनिंग एंड मिनिरल्स के बिजनेस हेड कैलाश पांडेय ने बताया कि हम बंधा कोल परियोजना क्षेत्र के समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। न केवल कोल परियोजना के गांव बल्कि आसपास के समुदाय के लिए भी हमारी मोबाइल मेडिकल वैन यूनिट लोगों को चिकित्सीय परामर्श दे रही है। हम समुदाय के सतत विकास के लिए प्रयत्नशील हैं।

जन कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं : थॉमस

थॉमस चैरियन एमडी ने बताया कि एसेल माइनिंग ने बताया कि कोल परियोजना क्षेत्र में विगत 4 वर्षों से अधिक समय से सीएसआर के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सीय परामर्श लोगों तक सुलभ हो इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। वहीं हिंडाल्को एसेल माइनिंग को जिले में बंधा कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया है और कंपनी द्वारा सीएसआर के माध्यम से परियोजना क्षेत्र व निकटवर्ती विभिन्न गांवों में सामुदायिक लाभ के विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसका लाभ स्थानीय लोगों को लगातार मिल रहा है।